## सार-समाचार

### फार्मासिस्ट की कमी से रोगी परेशान

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के सार्वजनिक महाराणा भूपाल चिकित्सालय में स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट का पद स्वीकृत नही होने से रोगियों को लम्बी कतार में खडे रह कर परेशानी का सामना करना पड रहा है।जानकारी के अनुसार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएसबी) में कार्डियोलॉजी में 2 डीडीसी संचालित हैं जिसमें से एक डीडीसी 24 घंटे संचालित हो रही है और एक लोकल परचेज डीडीसी भी संचालित है।इन केन्द्रों पर 600 मरीजों का भार है ।सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक महंगे इंजेक्शन के लिए डीडीसी संचालित है साथ ही सेंट्रल हाउस द्वारा संचालित हेपेटाइटिस प्रोग्रामर हेतु 1 फार्मासिस्ट की आवश्यकता है।इन सभी डीडीसी के संचालन करने के लिए इंचार्ज की आवश्यकता है । सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्टोर भी संचालित किया जा रहा है जिसके लिए 5 फार्मासिस्ट की आवश्यकता है । इस प्रकार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को अच्छे से संचालन के लिए 34 फार्मासिस्ट की आवश्यकता है परन्तु सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कुल 9 फार्मासिट ठेके के लिए ही अनुमति जयपुर से प्राप्त कर रखी है।वही एमबी हॉस्पिटल से 8 फार्मासिस्ट दिए हुए है। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 17 फार्मासिस्ट की कमी की वजह से मरीजों को परेशानी का सामना पड रहा है ।

### हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** चौरासी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने युवक को रोककर लट्ठ से हमला किया था। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नियत से जीप चढाने का प्रयास किया था। पुलिस ने चारों आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि 27 अप्रैल को शांतिलाल पुत्र महेंद्र रोत मीणा निवासी झोथरी फला पटवार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि 26 अप्रैल को उसका बेटा शंकर रोत बाइक लेकर झोंथरी तीन रास्ता पर सब्जी लेने गया था। वापस लौटते समय दीपक पुत्र थावरा बरांडा कृष्णकांत पुत्र दशरथ बरांडाए सुनील पुत्र दशरथ बरांडा मीणा और फतेहलाल पुत्र दशरथलाल मीणा निवासी बावडी खेडा बाइक लेकर आए। बदमाशों ने उसे रोककर हाथपाई और लट्ठ से मारपीट शुरू कर दी। लोगों के आने पर बदमाश भाग गए। थोडी देर बाद वापस जीप सवार होकर आए। बदमाशों ने उसके बेटे के साथ लट्ठ से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद लोगों के आने पर जान से मारने की नियत से जीप चढाने का प्रयास किया,लेकिन मौके पर लोगों के आने से बदमाश जीप लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने उन पर ५००-५०० रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी कृष्णकांत, फतेहलाल, दीपक और सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### भंडार की शेष रही राशि की हुई गिनती

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 24 जून को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती शुक्रवार को तीसरे चरण में हुई। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि शुक्रवार को हुई भंडार गिनती में 4 करोड़ 55 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इससे पूर्व दो चरणों में हुई भंडार गिनती से 12 करोड़ 5 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए थे। इन तीनों चरणों को मिलाकर भंडार से 16 करोड़ 60 लाख 20 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। भंडार की गणना अभी बाकी है एवं सोने चांदी का तोल भी होना बाकी है। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम, बोर्ड सदस्य कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर, पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, मिट्ठू लाल जाट, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, प्रसाशनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

### नाले में अज्ञात युवक का शव मिला

**डूंगरपुर।** ओडा बड़ा भुवनेश्वर रेलवे पुलिया के पास नाले में एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव दिखने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। किसी ने शव की पहचान नहीं की। पुलिस ने शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। युवक की उम्र करीब 35 से 40 साल बताई गई है। उसने काली पैंट और टी-शर्ट पहनी थी। बिछीवाड़ा थाना एएसआई शिशुपाल सिंह ने बताया कि ओडा बड़ा पंचायत के प्रशासक हितेश पुत्र रामलाल डामोर ने सूचना दी। हितेश डामोर ने फोन कर बताया कि रेलवे लाइन के पास भुवनेश्वरजी नाना पुलिया से पहले नाली में एक व्यक्ति पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। नाली से शव को बाहर निकाला गया। युवक की मौत हो चुकी थी।मौके पर मौजूद लोग शव की पहचान नहीं कर सके। पुलिस युवक के हुलिए के आधार पर पहचान की कोशिश कर रही है।

### महिला के गले से तोड़ी चेन

**डूंगरपुर।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र के कनबा में एक बुजुर्ग महिला व्यापारी से चेन स्नेचिंग की वारदात हुई। दुकान पर बैठी महिला के गले से 2 लाख की सोने की चेन तोडकर बदमाश फरार हो गए। वारदात के बाद बदमाश सीसीटीवी में भी कैद हो गए। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। बिछीवाडा थाना पुलिस के अनुसार कनबा निवासी दिलीप जैन ने रिपोर्ट में बताया कि वह दुकान चलाता है, जबकि उसकी मां पुष्पा जैन उसकी दूसरी दुकान पर बैठी हुई थी। गुरुवार शाम के समय एक युवक दुकान पर आया। उस समय बरसात हो रही थी। युवक ने उसकी मां से पीने के लिए पानी मांगा। जिस पर महिला ने पास ही होटल पर जाकर पीने के लिए बोला। युवक होटल पर पानी पीकर वापस दुकान के शटर के पास खडा हो गया। मां ने युवक को वहां से जाने के लिए कहा।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- भगवान को 21 बंदूकों की सलामी के साथ आरंभ हुई यात्रा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकली गई। शहर के 400 साल पुराने जगदीश मंदिर से रथयात्रा शुरू हुई । भगवान 80 किलो चांदी से निर्मित रथ में विराजमान किया गया । भगवान को 21 बंदूकों की सलामी दी। परंपरागत वेशभूषा में श्रद्धालुओ ने नंगे पैर रथ खिच कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की ।जयकारो के उद्घोष के साथ निर्धारित मार्गो से गुजरती हुई रथयात्रा देर रात पुनः जगदीश मंदिर पहुँच कर सम्पन्न हुई।

नगर भ्रमण की शुरुआत से पहले भगवान को एक छोटे रथ में विराजमान कर मंदिर के अंदर ही परिक्रमा करवाई गई। इस दौरान मेवाड के पूर्व राज परिवार के सदस्य और नाथद्वारा के विधायक विश्वराज सिंह मेवाड और उनकी पत्नी सांसद महिमा कुमारी भी मौजूद रहे। 80 किलो चांदी से निर्मित राजसी रथ की लंबाई 16 फीट,चौडाई 8 फीट और ऊंचाई 21 फीट है।

भगवान जगन्नाथ स्वामी के साथ माता महालक्ष्मी और दानी रायजी विराजमान हुए।यात्रा में 21 आकर्षक झांकियां शामिल थी । पुरुष भक्त मेवाडी पगडी.धोती और महिलाएं केसरिया साडी में नंगे पैर रथ यात्रा में चले । पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह और लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने भी दर्शन किए। यात्रा मार्ग में रंग, गुलाल और आतिशबाजी पर प्रतिबंध रखा गया है।

प्रसिद्ध जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा से पहले एक आयोजन किया गया । नगर भ्रमण की शुरुआत से पूर्व भगवान को एक छोटे रथ में विराजमान कर मंदिर के अंदर ही परिक्रमा करवाई गई । यह परंपरागत रीति-रिवाज का हिस्सा है,जिसके बाद भगवान बडे रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलें।

प्रसिद्ध जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा से पहले एक आयोजन किया गया । नगर भ्रमण की शुरुआत से पूर्व भगवान को एक छोटे रथ में विराजमान कर मंदिर के अंदर ही परिक्रमा करवाई गई । यह परंपरागत रीति-रिवाज का हिस्सा है,जिसके बाद भगवान बडे रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलें।

रथयात्रा से पहले भक्त भजनों पर झूम उठे। मंदिर परिसर में उमडे श्रद्धालुओं ने भजन.कीर्तन के साथ भगवान की आराधना की।उदयपुर के ऐतिहासिक जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की रथ परिक्रमा के दौरान मेवाड के पूर्व राज परिवार के सदस्य और नाथद्वारा के विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर राजसमंद की सांसद महिमा कुमारी भी उपस्थित रहीं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मंदिर के अंदर भगवान के छोटे रथ की परिक्रमा में भाग लिया।

इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रो से भी रथ यात्रा निकाली गई जो मुख्य यात्रा शामिल हुई। अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति, आलोक संस्थान एवं बोहरा गणेश जी क्षेत्र के स्थानीय संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आज बोहरा गणेशजी चौराहे पर इस्कॉन मन्दिर से निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा के अवसर पर भव्य महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमडे और पीली पताकाओं से सजे समूचे परिसर में श्हरि बोलश् और श्जय जगन्नाथश् के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

महाआरती सयोजक डॉ प्रदीप कुमावत ने बताया कि आरती से पूर्व भव्य कीर्तन में श्रद्धालु झूमतेए नाचतेए गाते हुए प्रभु के प्रेम में लीन दिखाई दिए। तत्पश्चात बोहरा गणेशजी और भगवान श्री जगन्नाथ का दिव्य मिलन हुआ । इस अवसर पर इस्कॉन समूह की संगीतमयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

महाआरती के उपरांत भगवान को खिचडी महाभोग अर्पित किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रतम की एक विशेष झलक यह रही कि श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण के संदेश स्वरूप प्लांट विद प्राइड संस्था,शडेस ऑफ उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 5000 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

## आंगनवाड़ी केंद्र नंद घर का निरीक्षण किया

**उदयपुर, (कासं)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के नव नियुक्त निदेशक वासुदेव मालावत पदभार ग्रहण करने के उपरान्त शुक्रवार को प्रथम बार उदयपुर आए। इस दौरान उन्होंने सविना ग्रामीण आंगनवाड़ी केंद्र नंद घर तथा परियोजना कार्यालय गिर्वा कुराबड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया।

मालावत के आगमन पर महिला एवं बाल विकास के उप निदेशक नंदलाल मेघवाल ने पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा पहनाकर उनका स्वागत किया। मालावत द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों पर दी जा रही छः सेवाएं यथा पूरक पोषाहर, शाला पूर्व शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा, टीकारण, स्वास्थ्य जॉच एवं रेफरल सेवाएं इत्यादि का प्रत्येक लेवल पर बारीकी से निरीक्षण किया गया। निदेशक बच्चों से भी रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से उनके नाम, माता-पिता का नाम, पसंदीदा खेल, कविता आदि पूछी। बच्चों ने मासूमियत भरे अंदाज में कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर बन रहे पोषाहार का निरीक्षण किया। रसोई घर में जाकर स्वच्छता की स्थिति देखी और वहाँ बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने कहा के बच्चे हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/941 **आम सूचना** दिनांक : 11/6/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन हैः-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजय कोठारी एवं श्री राजेन्द्र कोठारी पिता श्री भगवती लाल कोठारी | भुवाणा | 3424, 3431 से 3433, 3436 से 3441, 3505, 3506, 3508 से 3520, 3522 से 3529,3533 से 3535, 3563 से 3567, 3571, 3572, 4417/3563 | संयुक्तिकृत भूखण्ड 11+12 | 9257.00 वर्गफीट | शोभागपुरा चौराहे से भुवाणा प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सडक पर करधर इलेक्ट्रिक के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


## उमड़ा सैलाब

**कपासन, (निसं)।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर इस्लामी नये साल 1447 हिजरी, नौ चंदी जुमेरात पर जायरीने दीवाना का उमड़ा सैलाब 25 मोहरर्म सोमवार को पेश होगा अलम शरीफ।दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के ऑफिस सैक्रेट्री शफी मोहम्मद छीपा के अनुसार गुरूवार को सुबह से ही जायरीन का आना शुरू हो गया।

दर्शन हेतु लम्बी-लम्बी कतारे लगी अहाता ए नूर मे महफिले मिलाद का प्रोग्राम हुआ एवं कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश किए।

मेला ग्राउण्ड में 300 से उपर दुकाने लगी। सांयकाल चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा।

## श्रीधर भगवान की निकली रथयात्रा

भीण्डर। भीण्डर के प्रसिद्ध श्रीधर भगवान की रथयात्रा शुक्रवार को धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान ठाकुरजी रथ में बिराज करके नगर भ्रमण किया तो वहीं महादेव की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। रथयात्रा का नगर के विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत किया गया तो लोगों ने पुष्पवर्षा व आरती करके ठाकुरजी का स्वागत किया। रामपोल बस स्टेण्ड पर श्रीराम युवा संगठन के युवाओं ने मार्ग को पुष्प से सजा करके रथ का भव्य स्वागत किया। रथयात्रा की शुरूआत भीण्डर राजपरिवार सदस्य व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर, श्रीधर मन्दिर सेवा प्रन्यास संरक्षक देवेन्द्रसिंह शक्तावत, अध्यक्ष कुबेरसिंह चावड़ा सहित पदाधिकारियों ने भगवान को मन्दिर से बेवाण में बिराजमान करके रथ तक लाएं। यहां से पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर सहित सभी ने रथ खींच करके रथयात्रा शुरू की।

दोपहर करीब 3.15 बजे मन्दिर से शुरू हुई रथयात्रा में राजशाही ठाठ-बाठ में सबसे आगे ऊंट, पांच अश्व, भारत माता की झांगी, बगियों में राम-हनुमान, राधा-कृष्ण सहित विभिन्न झांकियां सुशोभित थी, इनके पीछे डीजे पर महादेव की झांकी टीम और सैकड़ों श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। रथ में भगवान श्रीधर लड्डू गोपाल और भव्य झांकी शोभायमान थी। वहीं सबसे पीछे खाटूश्याम जी के प्रतिरूप की झांकी सजाई गई, जिसका रथ महिलाएं खींच रही थी। रथयात्रा मन्दिर से रवाना होकर नगर के प्रमुख मार्ग मोचीवाड़ा, बाहर का शहर, रामपोल बस स्टेण्ड, हॉस्पिटल रोड, सुरजपोल चौराह, नृसिंह भगवान मन्दिर, सदर बाजार, सर्राफा बाजार, रावलीपोल होते हुए पुनः मन्दिर प्रागंण पर पहुंची। जहां महाआरती की गई। इसके बाद भगवान को पुनः मन्दिर में बिराजित किया गया। रथयात्रा का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।रथयात्रा में महादेव की झांकी सबसे लुभावनी रही।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बोखाड़ा, पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः- ग्रा.प./नरेगा/निविदा/2025-26/27 दिनांक-26.6.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत बोखाड़ा में महानरेगा व अन्य योजनाओं में वर्ष 2025-26 में करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 03.07.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.ZUD2526GLRC00965

प्रशासक ग्राम पंचायत बोखाड़ा पं.स. सायरा जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बोखाड़ा पं.स. सायरा जिला-उदयपुर


## सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक प्रगति में सोशल मीडिया की अहम भूमिका : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** हमारे सनातन में शब्द को ब्रहम् माना गया है जिसकी ध्वनि वैदिक काल से वर्तमान तक सभी दिशाओं में गुंजायमान है। शब्दों में बहुत बड़ी ताकत होती है। देश ही नहीं वैश्विक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक सभी क्षेत्रों में संचार माध्यमों की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। संचार में सूचानाओं के संप्रेषण में तकनीकों के बढ़ते उपयोग ने नई क्रांति उत्पन्न की है। इस क्रांति के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही प्रकार के प्रभाव-परिणाम दिखाई दे रहे है। तकनीक का उपयोग वर्तमान में जरूरी है।

सावधानी, सतर्कता और संयमित उपयोग से ही आधुनिक सूचना साधनों का सही उपयोग संभव है। उक्त विचार गुरूवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से एक्सप्लोरिंग द इवॉलविंग रोल ऑफ कम्यूनिकेशन इन मॉडर्न सोसायटी विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटलेजेन्स का शिक्षा, सामाजिक ,आर्थिक, राजनैतिक, व्यावसायिक, चिकित्सा, पर्यावरण सभी क्षेत्रों में मीडिया और कम्यूनिकेशन का प्रभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। व्यापक विस्तार का क्षेत्र होने के कारण इसमें संभावनाएं एवं चुनौतियां दोनों भी उतनी ही व्यापक है। देश के 18 से 35 वर्ष के 65 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे है। भारत का युवा तीन से चार घंटे इसका उपयोग करता है इसका प्रभाव नकारात्मकता ,अवसाद, सहनशीलता और एकाग्रता की कमी के रूप में दिखाई देने लगे है। अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि युवाओं पर सोशल मिडिया का बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा है। जरूरत है उनमें आई कमियों को दूर करने की। एआई और डिजिटलाईजेशन के दौर में शिक्षित और अशिक्षित वर्ग में इसके प्रभावों पर भी कार्य करने की जरूरत महसूस की जाने लगी है। प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सराज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ. अमी राठौड़ ने बताया कि ऑफ लाईन, ऑन लाईन मोड पर आयोजित सेमीनार में नासिक, देहरादुन, अलवर, बैंगलोर, भोपाल, नवसारी, जोधपुर,हिसार सहित देश के 08 राज्यों के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 70 शोध पत्रों का वाचन किया गया। पांच तकनीकी सत्रों में प्रो. परितोष दुग्गड़, प्रो. सीमा मलिक प्रो. जीएम मेहता, प्रो. मंजू मांडोत ने संबोधित किया एवं पेपर प्रजेन्टर्स की प्रस्तुतियों का बारिकी से निरीक्षण किया। जिसमें आर्टिफिशियल इंटलेजिशन, सोशल मिडिया, डिजिटल प्लेटफार्म के विभिन्न पहुओं पर चर्चा की गई।

संचालन डॉ. इंदू बाला आचार्य ने किया जबकि आभार डॉ. बलिदान जैन ने जताया। सेमीनार में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. भूरालाल शर्मा आदि मौजूद रहे।


**Office of gram panchayat anjana P.S. Deogarh (Rajsamand)**

S.No.-104 Date:26.06.2025

**Notice Inviting Bid**

material supply gram panchayat anjana 2025-26 of panchayat samiti deogarh are invited from interested bidders up to 10:00 am 30.06.2025 others particulars of the bid may be visited on the procurement portal https:// sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in

NIB NO- ZRR2526A0183

UBN NO- ZRR2526GLRC00341

Sarpanch/VDO
Gram Panchayat
Anjana P.S. Deogarh


## अंजुमन तालिमुल इस्लाम के चुनाव कल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर में निवासरत मुस्लिम समाज के सर्वांगीण विकास के लिए गठित 125 साल पुरानी संस्था अंजुमन तालिमुल इस्लाम के 29 जून को प्रस्तावित चुनाव इस बार शहर में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

आपको बता दें कि मुस्लिम समाज में शैक्षिक विकास को लेकर संस्था की स्थापना वर्ष 1901 में की गई थी लेकिन एक सदी बीत जाने के बाद भी इस संस्था की रहनुमाई करने वाले संस्था के उद्देश्यों को हासिल करने में असफल रहे।

संस्था के चुनाव में चार पदाधिकारियों का चुनाव होगा जिसमें शहर में स्थित मस्जिदों से चुने गए 302 प्रतिनिधि इन चार पदाधिकारियों के साथ ही दस कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव करेंगे। केवल कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनयन होगा जिसे नर्वाचित कार्यकारिणी मनोनीत करेगी। पदाधिकारियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पद पर चुनाव होगा। यह निर्वाचन पूर्व में 5 वर्ष के लिए था लेकिन बाद में इसे तीन साल के लिए निर्धारित कर दिया गया। यह कार्यकाल निर्वाचित तिथि से आगामी तीन वर्ष के लिए मान्य होगा। इस बार इस संस्था के चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण हो गए है कि पहले इस संस्था के चुनाव निर्विरोध हो जाते थे या निर्धारित पदों पर सीधा मुकाबला होता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है सदर (अध्यक्ष) पद के लिए चार उम्मीदवार, नायब सदर (उपाध्यक्ष) पद के लिए तीन उम्मीदवार तथा सेकेट्री (सचिव) एवं जोइंट सेकेट्री (संयुक्त सचिव) पद के लिए तीन-तीन उम्मीदवार के साथ ही निर्धारित 10 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 19 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

अंजुमन तालिमुल इस्लाम के चुनाव इस बार इसलिए भी दिलचस्प हो गए है कि इस संस्था की ओर इस बार समाज का युवा एवं शिक्षित वर्ग उन्मुख हुआ है। जब समाज का शिक्षित वर्ग सामाजिक उत्थान की ओर अठासर होता है तो निश्चित है कि उसके कुछ अच्छे परिणाम भी होते है लेकिन यह सब चुनाव के बाद निर्वाचित प्रतिनिधियों के समन्वय पर भी निर्भर करता है। हालांकि संस्था के चुनाव के लिए निर्धारित संविधान को लेकर भी विरोधाभास है। प्रथम तो यह कि प्रतिनिधि उस क्षेत्र और शहर का मूल निवासी होना चाहिए लेकिन चुनाव में इस अहम मुद्दे को अनदेखा किया जाता रहा है। दूसरे केवल मुस्लिम समाज के पुरूषों की जनसंख्या के आधार पर ही प्रतिनिधियों की संख्या का निर्धारण कर उनका चुनाव करवाया जाता है जबकि यह संस्था महिलाओं के कल्याण का भी दावा करती है। उसके उपरांत भी निर्धारित 425 सदस्यों में से 123 सदस्यों को विभिन्न कारण बताते हुए अयोग्य घोषित करते हुए केवल 302 प्रतिनिधियों को ही निर्वाचन का अधिकार दिया गया है।


तमसो मा ज्योतिर्गमय
GITS Darkness to Light

**GEETANJALI INSTITUTE OF TECHNICAL STUDIES**

(Affiliated to Rajasthan Technical University, Kota & Approved by AICTE, New Delhi)

Accredited with Grade A NAAC

23 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

ADMISSIONS OPEN 2025-26

LAST DATE OF REAP REGISTRATION 30th JUNE 2025 REAP CODE 1042

SUNDAY OPEN

B.Tech • CSE • CSE (AI) • CE • ECE • EE • ME

M.Tech | MBA | MCA | Ph.D

9600+ Students Placed in Top Corporates | 370+ New Start-up successfully launched | ₹ 43 Lakh Grant Received under AICTE & MSME Women Hackathon 3.0 | 950+ Top companies visited for campus interviews

₹ 32 LPA Highest Package | ₹ 6 LPA Average Package | 25+ Industry (MOU's) Memorandum of Understanding | 260+ Projects Innovated for Govt. of India

60+ Awards and Recognitions | 04 Centers of Excellence | 14+ National (SIH 2020, 2022, 2023 & 2024) and State Level Hackathons Winners | 1450+ Students Completed NPTEL Courses

**From Udaipur to the World-GITS Alumni Leading MNCs with Crore+ Packages**

Empowering Careers through Academic Excellence, Global Exposure and Industry-Driven Innovation



GEETANJALI COLLEGE OF SCIENCE & COMMERECE (Affiliated to Mohanlal Sukhadia University, Udaipur & Approved by AICTE, New Delhi)

COURSES OFFERED BBA | BCA

ADMISSION HELPLINE 911 6039 801 | 911 6039 802 | 0294-2657802

www.gits.ac.in | admission@gits.ac.in

CAMPUS: Airport Road, Dabok, Udaipur (Rajasthan) CITY OFFICE: 27-B, Bhatt Ji Ki Bari, Udaipur 911 6039 822